an>

Title: Need to confer rights to Members of Parliament regarding construction of roads under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : हमारा संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) विश्व प्रसिद्ध पर्यटक और ऐतिहासिक स्थल है परंतु इस क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों की स्थिति जर्जर है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कें बारहमासी सड़कों से नहीं जुड़ी हैं और कई अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को जोड़ने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है परंतु राशि संबंधित राज्य सरकार को आवंटित और विमुक्त की जाती है जिसके कारण संवेदकों और राज्य सरकार की उदासीनता के कारण सड़कों का निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण आम लोगों को कठिनाई होती है। अतः संबंधित सांसदों को उक्त योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण की अनुशंसा का अधिकार देना बेहतर होगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि क्षेत्र की निर्माणाधीन और अधूरी सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की व्यवस्था करते हुए माननीय सांसदों को उक्त योजना के अंतर्गत नई सड़कों के निर्माण कराने का अधिकार प्रदान कराने की व्यवस्था की जाए।